Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 21.11.2021 | अंक 61

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र :9550809864,9431129570,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

# एम्बीशन एकेडमी के प्रथम वार्षिकोत्सव में बेहतर प्रदर्शन करने वाले 50 बच्चों को अपेम ट्रस्ट ने किया सम्मानित

## शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर काम करने वाले 8 शिक्षक को भी मिला सम्मान, शैक्षणिक ज्ञानवर्द्धन करने वाले नाटक का हुआ मंचन



सम्मानित किये गए बच्चों के साथ अपेम टीम



मोमेंटो देकर सम्मानित करते अपेम टीम

APEM LIVE




नृत्य प्रस्तुत करते बच्चे



शिक्षकों को सम्मानित करते अपेम टीम

**अपेम लाइव : बरही**

अपेम ट्रस्ट की ओर से चल रहे शिक्षा स्वास्थ्य एवं खेलकूद पखवाड़ा के तहत रविवार को मलकोको में संचा. लित एम्बीशन एकेडमी में क्विज एव नृत्य संगीत नाटक मंचन प्रतियोगिता सह शिक्षक सम्मान समारोह का अयोजन किया गया। इसी कड़ी में मलकोको में संचालित शैक्षणिक संस्थान एम्बीशन एकेडमी का प्रथम वार्षिकोत्सव के अवसर पर यह कार्यक्रम आयोजित किया गयस। इस कार्यक्रम में अपेम ट्रस्ट की ओर से क्विज, नृत्य संगीत एवं नाटक का मंचन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि जीप प्रतिनिधि मो कयूम, अपेम अध्यक्ष कृष्णा प्रजा. पति, कोषाध्यक्ष सुनील कुमार , संरक्षक शिवशंकर लाल, सुलेमान अंसारी, समजसेवी अरविंद कुमार, रंजीत कुमार, निदेशक अजहरुद्दीन, धनंजय कुमार, सूरज दास, सोनू पंडित ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर एवं फीता काटकर किया। कार्यक्रम में पहुंचे सभी अतिथियों को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। मौके पर क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उसमे नवम एवम दशम के बच्चे भाग लिए। नवम से रबीना प्रवीण प्रथम, रुक्सार प्रवीण द्वितीय एवं अंजली पासवान को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। वही दशम से साजिदा खातून को प्रथम एवम काजल प्रवीण को तीसरा स्थाम मिला। सभी को शिक्षण सामग्री, प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में नृत्य गीत, संगीत का भी प्रस्तुति बच्चो के द्वारा की गई। इसमे बेहतर प्रदर्शन करने वाले वेलकम सॉन्ग, साहिल अंसारी वीर जवान, राबड़ी एवं अंजली, रौशन एन्ड ग्रुप, काजल प्रवीण, अफ़रोज़ी एन्ड ग्रुप्स, आयशा प्रवीण, साहबना आरजू, सब्बा एन्ड सानिया, अंजली पासवान, फैजान एन्ड ग्रुप को पुरस्कृत एवं सम्मानित किया गया। वही मोबाइल फोन के दुष्प्रभाव, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, फनी जोक क०मेडी, अशिक्षित नेता आदि पर किया गया नाटक से दर्शक काफी प्रभावित हुए। सभी को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर सेवा देने वाले , त्रिलोकी प्रसाद, अरुण भारती, दिनेश कुमार, अजहर ऊद्दीन, सोएब अख्तर, मुर्शिद आलम को भी अपेम ट्रस्ट की ओर से प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। शिक्षा के क्षेत्र में एम्बीशन एकेडमी के योगदान को देखते हुए अपेम की ओर से मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। जिला स्तर और कराटे में बेहतर प्रदर्शन करने वाली आयशा प्रवीण को सम्मा. नित किया गया। वही स्टूडेंट अ०फ द ईयर से तरन्नुम प्रवीण, तब्बसुम प्रवीण, साजिदा खातून, रुखसार प्रवीण , पिंटू कुमार, अंजली पासवान, पम्मी पासवान, सहीद अंसारी, सानिया प्रवीण एवं आबिद अंसारी को समानित किया गया। इस अवसर पर मो कयूम ने कहा कि शिक्षा ही सबसे बड़ी पूंजी है। शिक्षा के बिना जीवन अधूरा है। इसलिए शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए सबकी सहभागिता जरूरी है। कार्यक्रम में त्रिलोकी प्रसाद, सुलेमान अंसारी, केदार राणा ने भी शिक्षा के महत्व से बच्चों को अवगत कराया। कार्यक्रम का संचालन पम्मी पासवान, तरन्नुम प्रवीण एव तब्बसुम प्रवीण ने संयुक्त रूप से किया। धन्यवाद ज्ञापन केदार राणा ने किया। मौके पर विजय यादव, जहूर अंसारी, सूरज दास, रंजीत यादव, धनजय कुमार, सुनिल कुमार सहित कई लोग मौजूद रहे।।



कार्यक्रम मे उपस्थित अभिभावक व बच्चे

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार | सहयोगीः सोनू पंडित, | एडिटिंग- धनंजय कुमार | मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## बरही पश्चिमी पंचायत समिति सदस्य उम्मीदवार कपिल केशरी ने अपने खर्चे से बनवाया खराब पड़ी चापानल, कई महीनों से पड़ी थी खराब, 30 परिवार हुए लाभान्वित



चापानल बनवाते कपिल केशरी

**अपेम लाइव : बरही**

बरहीडीह पांडेय टोला में स्थापित सरकारी चापानल पिछले कई महीनों से खराब पड़ा था। ग्रामीणों की माने तो स्थानीय ग्रामीणों ने कई बार पीएचईडी के अधिकारियों के साथ साथ स्थानीय जन प्रति. निधियों एवं पंचायत प्रतिनिधियों से भी चापानल बनाने के लिए गुहार लगाई। लेकिन किसी ने नही ध्यान नही दिया। ग्रामीणों ने तख हार कर इसकी सूचना समाजसेवी बरही पश्चिमी पंचायत समिति सदस्य उम्मीदवार कपिल प्रसाद केशरी को दी। ग्रामीणों की समस्या को देखते हुए उन्होंने तत्काल पाण्डेयटोला पहुंचे एवं खराब चापानल के बारे में जानकारी ली। उन्होंने तत्काल पीएचईडी से संपर्क कर बनवाने का प्रयास किया। लेकिन



चापानल मरम्मत करते मिस्त्री

पीएचईडी के लोग इस पर ध्यान नही दिया। उसके बाद कपिल केशरी ने अपने खर्चे से चापानल मिस्त्री बुलवाया और कई महीनों से खराब पड़ी चापानल को ठीक कराया। चापानल बन जाने से लगभग 30 लोगों ने राहत की सांस ली। ग्रामीणों ने बताया कि चापानल खराब हो जाने से पानी को लेकर काफी परेशानी हो रही थी। चापानल बनवाने पर स्थानीय ग्रामीणों ने उनके प्रति आभार जताया। कहा कि इस तरह की ही समा. जसेवी को समाज की जरूरत है। इधर अपेम मुख्य संरक्षक ने कहा कि पीएचईडी की उद. ासीन रवैया के कारण पेयजल को लेकर काफी परेशानी हो रही है। अफसर बरही में रहते नही है। जिसके कारण ग्रामीणों की समस्या ज्यों का त्यों बना हुआ है। इस पर ध्यान की जरूरत है। मोके पर सोनु मालाकार, विक्रम सिंह, मोनू कुमार, चंदन कुमार, राजेश ठाकुर, टुनटुन पांडेय, सुधीर मालाकर, रिंकू पांडेय, अजय पांडेय, राकेश पांडेय, सुनील केशरी, प्रकाश केशरी, दिलीप केशरी, पिंटू ठाकुर, अमित कुमार, पंचम कुमार, श्याम ठाकुर, मुरली ठाकुर, राजन ठाकुर, पवन ठाकुर, कारू पांडेय, छोटी पांडेय, मुकेश मालाकार, चिंटू मालाकार एवं अजित ठाकुर मौजूद थे।

## समाजसेवी मोहन साहु का मनाया गया 101वॉं जन्मदिन, विधायक अंबा प्रसाद हुई शामिल

### अपने माता पिता की सेवा कर बने पूण्य के भागीदार : अम्बा प्रसाद





समाजसेवी मोहन साव के जन्मदिन मे शामिल हुए विधायक अम्बा प्रसाद

**अपेम लाइव : हजारीबाग**
**बिरेन्द्र कुमार**

हजारीबाग के कदमा निवासी वयोवृद्ध मोहन साहू का 101 जन्म दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस जनदिवस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में बड़कागांव विधायक अम्बा प्रसाद शामिल हुई। जन्मदिन कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत तथा माल्यार्पण के साथ केक काटकर की गई। बड़कागांव विधायक अम्बा प्रसाद ने केक काटकर उनके 101 वां जन्मदिन की बधाई दी। इस दौरान उपस्थित सभी लोगों द्वारा मोहन साहू को एक-एक कर माला पहनाया गया। मौके पर अम्बा प्रसाद ने बधाई देते हुए कहा कि एक समाजसेवी के रूप में अपनी सेवा दे चुके मोहन साहू हम सभी के लिए आदर्श है। इन्होंने सामाजिक जीवन मे कई कार्यो में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया है। समाज मे इनका अहम योगदान को कभी भुला नही जा सकता है। जहाँ कई लोग अपने माँ पिता को बोझ समझकर उन्हें वृद्धा आश्रम में भेज देते है । वही उन्होंने परिवार के लोंगो की प्रशंसा करते हुए कहा कि परिवार की सेवा , अच्छे खान पान औऱ अच्छी दिनचर्या का परिणाम है की मोहन साहू 100 वर्ष की आयु पार कर लीये है । उन्होंने इस अवसर पर सभी जनता से अपने माता पिता की अच्छे से देखभाल करने की भी अपील की। कहा कि अपने माता पिता की सेवा कर पूण्य के भागीदार बने। मौके पर राजेश साव, सुषमा देवी, प्रियंका कुमारी, मालती देवी, साहू समाज के अध्यक्ष जयनाथ साव, जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद, खीरगांव साहू समाज के अध्यक्ष जितेंद्र साहू, साहू समाज की महिला जिला उपाध्यक्ष रेणुका देवी, गनेश साव, दीपक कुमार, अवधेश कुमार, संतोष साव, धरमेन्द्र कुमार, चंद्र किशोर प्रसाद सिन्हा, डेगन साव, जयकरण साव, महेश साव आदि उपस्थित रहे।

**RAINBOW SCHOOL BARHI**
Shivpur (Gadlahi), Barhi, Hazaribag
Contact Number- 8210966457,8863095445
(A Better Educated Generation, A Better Future For Our Nation)







Built a Bright Future for Your Child. Give Your Child Education of Heart & Soul

**SALIENT FEATURES**

- C.B.S.E. Pattern based Education (Upto X[th] Class)
- Eco Friendly Environment
- Admission through Entrance Exam
- Highly Experienced & Qualified Teachers and Staff
- Beautifully Aesthetically Designed Campus
- Stress Free & Pollution Free Environment
- Smart Classes, Computer Lab
- Project Based learning Music and Dance room
- Indoor & Outdoor Games and Sports Facilities
- Counselling Programs For Students & Parents
- Preparation & Remedial classes for Extra Support
- Whole Campus under CCTV Surveillance
- Transport Facility available
- School offers scholarship to meritious students
- R.O. Purified water facility
- Well Stocked Library
- Separate Common room (Toilet) Facilities for Boys & Girls
- Sufficient & Airy Classrooms
- Remedial Classes for Co-Curricular Activities
- Well Organised Programs on 26[th] Jan & 15[th] Aug.
- Celebration of "Saraswati Puja" with great Enthusiam
- Regular Organised Exams Periodically
- Facilated with Medical Kit, Sports Goods & P.T. Drum








इस प्रकार की शिक्षा प्रणाली का विकास करना हैं, जिसके द्वारा ऐसी युवा पीढ़ी का निर्माण हो सके जो राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत हो, शारीरिक, प्राणिक, मानसिक, बौद्धिक दृष्टि से पूर्ण विकसित हो तथा जो जीवन की चुनौतियों का सामना सफलतापूर्वक कर सके, उसका जीवन अन्य लोगों को शोषण एवं अन्याय से मुक्त कराकर राष्ट्र जीवन को समरस, सुसंपन्न एवं सुसंस्कृत बनाने के लिए समर्पित हो।

——— डायरेक्टर (सिकंदर प्र0 कुशवाहा) की कलम से



## रामचन्द्र यादव ने जिला परिषद प्रत्याशी विमला देवी के पक्ष में चलाया जनसंपर्क अभियान



जनसंपर्क अभियान चलाते रामचन्द्र यादव

**अपेम लाइव : बरही**

बरही मध्य के जिला परिषद प्रत्याशी विमला देवी के पति सह सामाजिक कार्यकर्ता ने कई क्षेत्रो का भ्रमण कर जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान पं. चमाधव पंचायत के पडिरमा, माधोपुर, कारीमाटी गांव के ग्रामीणों से मिलकर समस्याओं को जाना तथा समाधान करने का भरोसा दिलाया। उपस्थित लोगों ने एक ही स्वर में कहा कि योग्य उम्मीदवार को हम लोग चिन्हित कर रहे हैं जो हम लोगों के लिए आवाज बन सके आम जनता का आवाज बन सके। हर सुख दुख का साथी बन सके, गांव और पंचायत का सर्वांगीण विकास कर सके तथा समाज हित मैं कार्य करें। वैसे व्यक्ति को हम लोग अपना बहुमूल्य मत देकर विजई बनाएंगे। ग्रामीणों ने में भाग-2 के जिला परिषद प्रत्याशी विमला देवी की प्रशंसा करते हुए समर्थन का भरोसा दिलाया। मौके पर समाजसेवी लालजी यादव, दिनेश यादव, भीख लाल यादव, मोतीलाल यादव, विनोद यादव, राजेंद्र यादव, नितेश यादव, भीम यादव, रविंदर यादव, कारीमाटी के किशोर यादव, मनोज राणा, राजेंद्र यादव, संजय यादव, महादेव यादव, विजय राणा, जगदीश महतो, अभिषेक कुमार यादव, माधोपुर के जमीर मिया, इंदू मियां, राजू यादव, प्रेम यादव, बालेश्वर यादव, मनोज यादव आदि उपस्थित रहे।

डेस्क प्रभारी: बिरेन्द्र कुमार    सहयोगी: सोनू पंडित,    एडिटिंग- धनंजय कुमार    मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजिटल न्यूजपेपर

## पूर्व भाजपा विधायक ने कान्हाचट्टी प्रखण्ड के विभिन्न गांवों का किया दौरा

### तुलबुल करमा गाँव मे शादी समारोह में किया शिरकत




शादी समारीह मे शामील पुर्व विधायक व अन्य

**अपेम लाइव : चतरा**
**प्रमोद सिंह**

चतरा के पूर्व विधायक जय प्रकाश भोक्ता ने रविवार को प्रखण्ड के विभिन्न गांवों का दौरा किये।दौरा के क्रम में प्रखण्ड के तुलबुल पंचायत के करमा गांव के निर्मल प्रजापत्ति के पुत्र तथा पोती अशोक प्रजापत्ति की पुत्री की विवाह के शादी समारोह में शिरकत किये।श्री भोक्ता कई गांवों का दौरा किये और ग्रामीणों की समस्याएं सुनी तथा ग्रामीणों की समस्या का समाधान की भरौशा दिलाये।वहीं उन्होंने कहा कि मैं अब भी ग्रामीणों के बीच बना हूँ और सदा बना रहूंगा । चुनाव आएगा और फिर चला भी जाएगा।लेकिन मैं क्षेत्र में बना रहूंगा।उन्होंने कहा कि मैं जनता के सुख दुख के साथ हूँ।मौके पर आदित्य यादव, नागेश्वर शर्मा, सचिदानंद उर्फ साचो सिंह, सिकन्दर सिंह, महाबीर मंडल, अशोक यादव, बसन्त प्रजापत्ति, सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## सामाजिक कार्यकर्ता के शव यात्रा में शामिल हुए विधायक प्रतिनिधि बिनोद कुमार यादव



शव यात्रा मे शामिल विनोद यादव व अन्य

**अपेम लाइव : बरही**

बरही प्रखंड अंतर्गत केदारुत पंचायत के केदारुत निवासी सामाजिक कार्यकर्ता उमान राणा का आकस्मिक निधन रविवार को हो गया। जानकारी के अनुसार उमान राणा कैंसर से पीड़ित थे, जिनका रविवार को निधन हो गया। उनके शव यात्रा में बरही विधानसभा के विधायक प्रतिनिधि बिनोद कुमार यादव शामिल हुए एवं इस दुःख के घड़ी में उनके परिवार के प्रति शोक संवेदना प्रकट किया। उन्होंने कहा कि उमान राणा एक नेक इंसान थे। उनके निधन से पंचायत को गहरी क्षति हुई है, ईश्वर उनके आत्मा को शांति प्रदान करे।

## आज का पं्चाङ्ग----

आज का अंग्रेजी दिनांक : ---22.11.2021
शुभसंवत् :---2078(आनंद)
शके :---1943
याम्यायन याम्यगोलः
ऋतु :---हेमन्त
माह :---मार्गशीर्ष
पक्ष :---कृष्ण पक्ष
तिथि :---तृतीया तिथि
दिन :---सोमवार
नक्षत्र :---मृगशिरा दिन 09:15 मिनट तक उपरांत आद्रा नक्षत्र नक्षत्र
योग :---साध्य
करण :---भ
सूर्योदय :---प्रातः 06:40
सूर्यास्त : संध्या 05:20
सूर्य :---वृश्चिक राशि में
चंद्रमा :---मिथुन राशि में
आज का राहूकाल प्रातः---07:30 बजे से प्रातः---09:00 बजे तक
अभिजीत मुहूर्त :---दोपहर 11:36 से 12:24 तक
(नोट :---कोई भी नया और शुभ कार्य जिस कार्य से चिरकाल तक लाभ लेना हो ऐसे प्रत्येक कार्य को अभिजीत मुहूर्त में प्रारंभ करना चाहिए यह अभिजीत मुहूर्त हरिकवती प्रिये है वहीं राहुकाल में कोई भी शुभकार्य प्रारंभ नही करना चाहिए। वहीं बुधवार को अभिजीत मुहूर्त में सभी कार्य वर्जित माना जाता है)

आज का पर्व त्यौहार, मुहूर्त व खास :---आज शिवलिंग के ऊपर कुशा का जल चढ़ाने से असाध्य रोगों से मुक्ति मिलती है।



संदीप शर्मा

आलेख---
संदीप शर्मा
(वास्तु, कर्मकाण्ड व कुंडली परामर्श)
पुजारी--माँ भद्रकाली मंदिर इटखोरी, चतरा
सम्पर्क सूत्र-9931585660

## वार्ड सदस्य को पुत्र शोक, क्षेत्र मे मातम का माहौल




विलाप करते परिजन

**अपेम लाइव : बरकटठ्**
**सुनील कुमार**

बरकट्ठा ग्राम पंचायत कोनहाराखुर्द ग्राम मेरमगड्डा वार्ड सदस्य बबून मांझी का पुत्र श्यामलाल सोरेन का सड़क दुर्घटना में शनिवार को मुत्यु हो गयी , मजदूरी के चक्कर मे स्व सोरेन घर से बाहर गिरिडीह के निमियाघाट थाना अंतर्गत गया था जहाँ 19 नवम्बर को सड़क एक्सीडेंट में घटना स्थल पर ही मौत हो गयी,कानूनी प्रक्रिया पूरी करने बाद आज अंतिम संस्कार किया गया, मृत स्व सोरेन अल्पायु में ही अपने पीछे परिवार छोड़ गए,पत्नी माँ, बाप ओर बहन का रो रो के बुरा हाल हैं ,सूचना पाकर मुखिया प्रतिनिधि सतीश नारायण सिंह घटना स्थल पर पहुंचे और आज अंतिम विदाई ओर परिवार को ढाढ़स देने भी पहुंचे , इस घटना से हर कोई मर्माहत हैं हर कोई की संवेदना परिवार के साथ है संवेदना प्रकट करने वालों में श्री त्रिलोकी प्रसाद,कमल किशोर कुमार,बिनोद पा. सवान, भोला दास, दशरथ मांझी, रामेश्वर पासवान,फागु सोरेन, अनिल पासवान, जोगेंद्र प्रसाद,संतोष पासवान वार्ड सदस्य मुमताज अली , लियाकत अंसारी,गौतम कुमार , मोहन दास समेत लोग शामिल थे

## कलश यात्रा के साथ चोरदाहा मे शुरू हुआ नौ दिवसीय महायज्ञ



क्लश यात्रा मे शामिल लोग

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**

चोरदाहा स्तिथ देवी मंदिर में नौ दिवसीय श्री श्री 1008 श्री सीताराम नाम वार्षिक महोत्सव का कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ। इस दौरान यज्ञ समिति के अध्यक्ष कृष्णा पासवान व सदस्यों के द्वारा मुखिया प्रतिनिधि सुखदेव पासवान, उपमुखिया सह भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रखण्ड अध्यक्ष राजकुमार यादव, जगदीश यादव, गोबिंद सिंह, यमुना साव, सद्भावना मंच के मंटू दांगी सहित अन्य अतिथियों का मन्दिर परिसर में माता का चुनरी ओढ़ाकर स्वागत किया गया। इसके बाद आचार्य ने 1100 महिलाओं को कलश देकर कलशयात्रा का शुभारंभ किया। कलश में जल महाने नदी के तराई से यज्ञ आचार्य आचार्य प धनन्जय शास्त्री के वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मुख्य पुजारी द्वारका सिंह, दिलेश्वर सिंह, कामता सिंह ,अशोक राणा, भिखारी यादव के पूजा के साथ भरा गया। कलश यात्रा में सभी भक्त भगवा वस्त्र धारण कर जयकारे लगाते आगे चल रहे थे तो वहीं महिलाएं कलश लिए पंक्तिबद्ध होकर पीछे पीछे चल रही थी। कमिटि के सदस्य रा. जकुमार राणा व सतीश केशरी ने बताया कि सोमवार से वेदी पूजन ,सायंकाल आरती, अयोध्या से आए प्रवचन. कर्ता के द्वारा कथा व रामलीला का शुभारंभ होगा , जो 29 नवम्बर को सामूहिक हवन पूर्णाह. ूती व भण्डारे के साथ समपन्न होगा। कलश यात्रा में सद्भावना विकास मंच के करीब 40 सदस्यों ने भी सहयोग किया।कलश यात्रा में मुखिया ललिता देवी,पूर्व मुखिया सरजू साव आदि सम्मिलित हुए।






## साइबर क्राइम में तीन गिरफ़्तार

**अपेम लाइव : बरकटठ्**
**सुनील कुमार**




गिरफ्तार किये गए आरोपी

बरकट्ठाः पुलिस की लगातार कारवाई व गिरफ्तारी के बा. वजूद बरकट्ठा व गोरहर थाना क्षेत्रों में साइबर अपराध थम नही रहा है पिछले एक वर्ष में लगभग पचासों गिरफ्तारियां हुई लेकिन साइबर अपराध की गति धीमी नही पड़ी रुपयों की चकाचौंध में बड़ी संख्या में युवा वर्ग इस साइबर अपराध में धसते चले जा रहे है इसी कड़ी में पुनः बरकट्ठा थाना द्वारा गुप्त सूचना पर बरकट्ठा पुलिस टीम गस्ती दल द्वारा शनिवार रात्रि को बरकट्ठा डीह निवासी राजेन्द्र साव पिता भोला साव के मकान से तीन साइबर अपराधों में लिप्त युवको को पकड़ा । इस बावत थाना प्रभारी विक्रम कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि ग्राम बरकट्ठा डीह निवासी राजेन्द्र साव पिता भोला साव के मकान में तीन साइबर अपराधी जो अपने मोबाइल से अवैध रूप से लोगो की ठगी करता है।उन्होंने कहा कि स्कॉका एस्कॉर्ट सर्विस बेबसाइट के माध्यम लोगो को अलग अलग नंबरों से संपर्क कर व्हाट्सएप के जरिये लड़कियों व महिलाओं का आपत्तिजनक तश्वीर भेज़कर सर्विस दिलाने के नाम पर ठगी करता है।पु. लिस कार्रवाई करते हुए गौतम कुमार पिता विनोद साव, सिंटू कुमार पांडेय पिता महाबीर पांडेय दोनों निवासी बेकोबार व सुरज कुमार पिता डुगीलाल बरकट्ठा डीह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया गिरफ्तार तीनो लड़के के पास से बरामद चार मोबाइल वीवो, ओपो, रियलमी व एडक०म मोबाइल को जाँच किया गया।जाँच के दौरान तीनो के मोबाइल से लड़कियों का सर्विस दिलाने के नाम मैसेज कर आपत्तिजनक डालकर पैसा ठगी का चौटिंग की।पुष्टि की गई।पूछताछ दौरान सभी प्राथमिकी अभियुक्त ने अपना अपराध स्वीकार किया।मामले को लेकर थाना कांड संख्या 251/21 धारा 420/385 भादवी, 66/67 आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज करते हुए प्राथमिकी आरोपियों को हजारीबाग केंद्रीय कारागार भेज़ा गया।

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर




## जंगली हाथी ने ओरिया गांव के सांडी टोला में मचाया जमकर उत्पात

### गांव के प्रसादी सिंह का काड़ा को कुचलकर मार डाला

**अपेम लाइव : चुरचु**
**अरविन्द टुडु**



हाथि द्वारा मारा गया मवेशी

चुरचू प्रखण्ड के आंगो पंचायत के ओरिया गांव के सांडी टोला में शनिवार की रात हाथियों से बिछड़ा हुआ एक हाथी ने जमकर उत्पात मचाया। रात भर गांव व आसपास के लोग दहशत में रहे। रात लगभग डेढ़ बजे एक हाथी प्रसादी सिंह के घर पर आ धमका और खुटा में बंधा हुआ एक काड़ा को कुचल कर मार दिया। घटना के समय ग्रामीण चाहकर भी अपने अपने घर से बाहर नही निकल पाये। लोगों में काफी भय व डर रहने के कारण लोग अपने घर में ही दुबके रहे। घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने वन विभाग के दूरभाष पर इसकी जानकारी दे दी। घटना के बाद लगभग छह घण्टा बाद वन विभाग कर्मी मौके वारदात पर पहुंचे। इसके अलावे कई के खेत में लगे धान को भी बर्बाद कर दिया गया।

## कोनरा पंचायत के भावी मुखिया उम्मीदवार सैरा खातून का संकल्प : कोनरा पंचायत को आदर्श पंचायत बनाना ।




## मलकोको सहित तीन गांवों विधायक ने किया सोना सोबरन योजना के तहत साड़ी, धोती एवं लुंगी का वितरण

**अपेम लाइव : बरही**



साड़ी, धोती एवं लुंगी का वितरण करते विधायक अकेला

बरही विधायक उमाशंकर अकेला यादव ने रविवार को सोना सोबरन योजना के तहत मलकोको में मो जहूर अंसारी जन वितरण प्रणाली दुकान, मुकेश कुमार राणा जन वितरण प्रणाली दुकान, किशोरी प्रसाद जन वितरण प्रणाली दुकान, मनुलाल प्रसाद जन वितरण प्रणाली दुकान, बुंडू मलकोको महादेव प्रसाद जन वितरण प्रणाली दुकान ,मलकोको ओम महिला मंडल चतरो जनवितरण प्रणाली दुकान, रानीचुवा अमित महिला मंडल जन वितरण प्रणाली दुकान, रानीचुवा चमेली महिला मंडल जन वितरण प्रणाली दुकान, जीतपुर रानीचुवा सीताराम हांसदा जन वितरण प्रणाली दुकान, कोनरा मंटू कुमार जन वितरण प्रणाली दुकान, कोनरा लक्ष्मी महिला मंडल ज वितरण प्रणाली दुकान, कोनरा गुलाब महिला मंडल जन वितरन प्रणाली दुकान, कोनरा मेहंदी महिला मंडल जनवितरण प्रणाली दुकान, कोनरा शेरे अली जन वितरण प्रणाली दुकान में साड़ी, धोती एवं लुंगी का वितरण किया । कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष डo निज. जामुद्दीन अंसारी, बरही विधानसभा विधायक प्रति. निधि विनोद कुमार यादव, जिला महासचिव अब्दुल मन्नान वारसी, एम ओ आजाद सिंह, बासुदेव यादव, दिनेश कुमार यादव, मनोज कुमार यादव, प्रकाश यादव, अशोक शर्मा, संजय यादव, मुस्तकीम अंसारी, रंजीत यादव, रूपलाल यादव, अशोक यादव, हीरालाल सिंह, शमशेर अंसारी एवं यमुना यादव मौजूद थे।




डेस्क प्रभारी: बिरेन्द्र कुमार सहयोगी: सोनू पंडित, एडिटिंग- धनंजय कुमार मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉo अनिल कुमार

## विहिप मिडिया प्रभारी सदानंद वर्णवाल ने दहेज मुक्त विवाह कर समाज में पेश किए मिशाल

**अपेम लाइव : बिरनी गिरिडीह**

**सब्बा अहमद**



विवाह समारोह में शामिल बजरंग दल के सदस्य

बिरनी प्रखंड के बनपुरा निवासी विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल प्रखंड मिडिया प्रभारी सदानंद वर्णवाल पिता किशोर कुमार वर्णवाल ने उखड़ा, वर्द्धमान (पश्चिम बंगाल) निवासी मुन्ना वर्णवाल के पुत्री वर्षा कुमारी से दहेज मुक्त विवाह कर समाज में मिशाल पेश किए इस अवसर पर जब सदानंद वर्णवाल से बात किया गया तो उन्होंने बताया आज से लगभग 17 वर्ष पूर्व हमारे बहन का विवाह हुआ था उस समय मैंने अपने घर की स्थिति एवं अपने पिता जी के परेशानीयों को बहुत ही करीब से देखे थे तभी मैंने प्रण लिया था जब भी हम विवाह करेंगे दहेज मुक्त विवाह करेंगे ताकि किसी भी पिता को बेटी बोझ न लगे आज भी समाज में बहुत ऐसे लोग हैं जो कर्ज लेकर अपने बेटी का विवाह करते हैं और कई ऐसे भी मामले आते हैं जिसमें दहेज के लिए बहनों को प्रताड़ित किया जाता है इससे वैसे लोगों को भी कुछ सीख मिलेगा।इस अवसर पर दहेज मुक्त सेवा संघ झारखंड ने वर-बधु से मिलकर दोनों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दिए एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किए इसके साथ ही विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल बिरनी प्रखंड कमेटी ने वैवाहिक जोड़े से मिलकर खुशहाल वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएं दिए जिसमें उपस्थित हुए जिला सह मंत्री निरंजन वर्मा ने कहा सदानंद वर्णवाल ने अपने सामाज के साथ साथ सभी युवाओ के लिए प्रेरणा स्रोत है।आज दहेज को लेकर जिस तरह से अपने जिले के साथ साथ राज्यों से लेकर देश तक रोजाना कई बहनों की जान चली जाती है जिसका मुख्य कारण दहेज प्रताड़ना से होता है आज सदानंद वर्णवाल ने बिना दहेज लेकर शादी कर अपने घर गांव से लेकर जिला के साथ साथ अपने राज्य और माता पिता का नाम रौशन किया है इसी तरह सभी युवाओं को आगे बढ़कर दहेज के खिलाप आवाज उठाकर खत्म करने की जरूरत है। जिसमें मुख्य रूप से उपस्थित रहे बजरंग दल प्रखंड संयोजक ईश्वर पंडित, प्रखंड संरक्षक दिनेश वर्मा, भाजपा युवा मोर्चा पूर्व जिला अध्यक्ष आशीष ब०र्डर,बगोदर के पूर्व विधायक नागेन्द्र महतो, अनुमंडल सांसद प्रतिनिधि छोटेलाल यादव, विहिप प्रखंड मंत्री बालेश्वर साव, प्रखंड संपर्क प्रमुख विशाल बजरंगी, गौ रक्षा प्रमुख रोहित बजरंगी, धर्म प्रचार प्रमुख बबलु यादव, गौतम सिंह, प्रेम तर्वे, जितेन्द्र पटेल, दीपक साव, देवाशीष बादल, रविन्द्र पाण्डेय, कपिलो मुखिया प्रतिनिधि मुकेश यादव, जिला कुटूम्ब प्रमुख जय नारायण मोदी, महेंद्र यादव, मनोज चंद्रवंशी, लक्ष्मण दास, कैलाश पासवान,अंजू देवी,राजदेव साव,राजेश कुमार, सुरेंद्र प्रसाद, छत्रधारी दास ,विनय संगम, निर्मल कुमार ,राजू यादव,चन्दरिका महतो, यशोदा देवी, पप्पू कुमार, अजय बजरंगी, रविन्द्र वर्णवाल, पंकज हिन्दूस्तानी, मनू बजरंगी, प्रवीण वर्मा, पवन विश्वकर्मा, रवि बजरंगी, राजेश सिंह, संतोष मुर्मू, मनोज राणा, चंदन बजरंगी आदि सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## केशोडीह में कांग्रेस पार्टी ने चलाया जन जागरण अभियान

**अपेम लाइव : बिरनी गिरिडीह**

**सब्बा अहमद**




जन जागरण अभियान चलाते कार्यकर्ता

बिरनी प्रखंड अंतर्गत पंचायत केशोडीह में कांग्रेस पार्टी के द्वारा जन जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रखंड अध्यक्ष इतवारी वर्मा ने कहा महंगाई आसमान छू रही है गरीबों को फ्री में गैस दिया गया। लेकिन 950 रुपए के चलते गरीब गैस जलाना बंद कर दिए हैं। दाल का दाम तेल का दाम डीजल का दाम पेट्रोल का दाम सभी का दाम आसमान छू रहा है। इसी के विरोध में जनता के पास जाकर कांग्रेस पार्टी की और से कहा जा रहा है,कि जिस समय इंदिरा गांधी की सरकार थी 13 रुपए में सरसों का तेल मिलता था। उस समय भाजपा के लोग गीत गाते चलते थे देखो इंदिरा का खेल 13 रूपए हो गए सरसों का तेल आज 200 किलो सरसों का तेल हुआ। तो वो लोग कहां गए जो हल्ला मचा रहे थे। मैं उन लोगों से पूछना चाहता हूं कि आज आप कहां हैं 400 रुपए का गैस 950 रुपये में मिल रहा है। आज आप चुप क्यों बैठे हैं मोदी जी का कहना था कि मेरी सरकार बनेगा तो अच्छे दिन आएगा 15 लाख करके सभी के खाते में पैसा आ जाएगा प्रत्येक वर्ष दो करोड़ नौकरियां दूंगा आज ऐसा समय आया है कि मोदी जी ने चार पेट्रोलियम बेच दिया रेलवे बेच दिया लोग जो पढ़ाई कर रहे हैं। कि मुझे अच्छा नौकरी मिलेगा अब नौकरी कहां से मिलेगा क०ल इंडिया भी बिक गया सभी युवा बेरोजगार हो गए यही तो मोदी जी का अच्छा दिन आया इसे लेकर हम लोगों ने 14 नवंबर से 29 नवंबर तक जन अभियान का कार्यक्रम कर रहे हैं। और लोगों को यह बता रहे हैं कि अब आपके अच्छे दिन नहीं आएंगे बुरे दिन आने लगे हैं इसलिए कांग्रेस पार्टी आह्वान करती है कि आप लोग विचार करें । इस कार्यक्रम में सैकड़ों कांग्रेस पार्टी कार्यकर्ता शामिल थे।

## एक जनवरी 2022 के 18 वर्ष पूरा करने वाले युवा और युवती को मतदाता सूचि से जोड़ें : बीडीओ

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**

**प्रमोद सिंह**




मतदाता सूची के बारे में जानकारी देते हुए

जिनका उम्र एक जनवरी 2022 को 18 वर्ष पूरा हो रहा उसको भी अगले चुमाव में मतदान करने का मौका मिलेगा।जिनका उम्र एक जनवरी 2022 को 18 वर्ष हो जा रहा है उसे मतदाता सूची में शामिल करने का निर्देश बी डी ओ हुलास महतो ने प्रखण्ड के सभी बी एल ओ को निर्देश देते हुए कहा है।बताते चलें कि रविवार को मतदाता सूची के स्पेशल कैम्प के निरीक्षण के दौरान बी डी ओ श्री महतो ने कहा।उन्हा.ेंने कहा कि यदि जिस बूथ के अंतर्गत किसी मतदाता का नाम छूटता है तो उसकी जिम्मेदार बी एल ओ होंगे।बी डी ओ ने रविवार को प्रखण्ड के मध्य विद्यालय पेलतौल,राजाचक, डोंडागड़ा, चिरिदिरी पंचायत के विभिन्न बूथों के साथ साथ दर्जनों बूथों का निरीक्षण किये।वहीं बी डी ओ श्री महतो ने प्रखण्ड के कान्हाचट्टी स्वास्थ्य केंद्र पर कोविड 19 के टिका वैकि. सनेशन का भी निरीक्षण कर स्वास्त्य कर्मियों को गाँव से ज्यादा से ज्यादा लोगो को वैक्सिनेशन दिलवाने के लिए प्रेरित करने का निर्देश दिया। मौके पर मुनेश तिर्की, यदुनंदन राम, सतीश सिन्हा,सहित अन्य कर्मी मौजूद थे।

